## एक नजर

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट एवं मांगों को लेकर होगा आंदोलन

**नर्मदापुरम।** एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराए जाने सहित अधिवक्ताओं की सुरक्षा और कल्याणकारी मांगों को लेकर स्टेट बार काउंसिल के नेतृत्व में अतिशीघ्र भोपाल में एक बड़ा और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। स्टेट बार के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने आंदोलन के संचालन के लिए 7, सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति के अध्यक्ष प्रियनाथ पाठक अधिवक्ता भोपाल एवं,सदस्य नर्मदापुरम जिलाअधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे,सदस्य छतरपुर अधिवक्ता संघ सचिव अनिल त्रिवेदी, भोपाल अधिवक्ता संघ सहसचिव सोनल नायक, नर्मदापुरम अधिवक्ता संघ पूर्व सहसचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत, जबलपुर अधिवक्ता प्रशांत दुबे, एवं भोपाल अधिवक्ता खालिद अजीज को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त समिति भोपाल में प्रस्तावित आंदोलन के समस्त कार्यों का संचालन समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करेगी,तथा वकीलों से मध्यप्रदेश के वकीलों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आचरण बनाए रखने की अपील करेगी। और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर वकीलों की मांगों के निराकरण की मांग करेगी।एवं सभी को इस जिम्मेदारी के लिए नर्मदापुरम अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, सुबोध तिवारी,जे के तिवारी, बसंत चौहान, के के जराठे ने आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है।

# सौ शिकायतों का हुआ समाधान

## जनसुनवाई – अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/24,फरवरी.** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन ने आमजन की समस्याओं का परीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया। श्री जैन ने प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आए कुल 100 आवेदनों का समाधान किया गया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जनसुनवाई में आए ग्राम-दहलवाडा तहसील-बनखेडी निवासी शिवम राय ने उनके पिता के स्थान पर ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने सम्बन्धि अधिकारी को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले मे डोलारिया निवासी रवि प्रसाद बनवारी ने आवास योजना का लाभ प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने मुख्य कार्यालय अधिकारी जनपद डोलारिया को उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

इसी प्रकार कृषि-भूमि सीमांकन, अतिक्रमण की समस्या, नजूल रिकॉर्ड अद्यतन, पट्टा वितरण, अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती डॉ.बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष ने वार्ड 15 में बन रहे पार्क का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 24 फरवरी** पर्यावरण संवारने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में रिक्त स्थानों पर पार्कों का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 15 पार्षद निर्मला हंस राय के वार्ड में 40 लाख की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्वार का कार्य किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, वार्ड पार्षद एवं सभापति निर्मला हंस राय, उपयंत्री दीक्षा तिवारी द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यह पार्क वार्ड की शान है। इसका कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करें। साथ ही मनभावना और पर्यावरण हितेषी पौधों का रोपण करें।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद का आभार जताते हुए कहा कि इस वार्ड में पर्यावरण के क्षेत्र में यह पार्क मील का पत्थर साबित होगी। स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग जल्द ही पूरी हो जाएगी।

## संत गाडगे महाराज का जन्म जयंती कार्यक्रम हुआ

**पिपरिया** संत गाडगे महाराज का जन्म जयंती कार्यक्रम का कृषि उपज मंडी में आयोजन हुआ। संत गाडगे महाराज का जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेगांव अंजनगाव मे हुआ था.

# अतिथि व्याख्याताओं की समस्याओं को विधायक ने विधानसभा में उठाया

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 24 फरवरी** मध्यप्रदेश विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिवस सदन में हरदा जिले के खिरकिया नगर में व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण कार्य में हो रही देरी का मुद्दा ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उठाया गया। यह सूचना विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें निर्माण कार्य में लंबे समय से हो रहे विलंब को गंभीर सार्वजनिक महत्व का विषय बताया गया। हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा कहा गया कि हरदा जिले के खिरकिया नगर के वार्ड क्रमांक 15 छीपावाड़ क्षेत्र में व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण हेतु शासन द्वारा वर्ष 2018-19 में खसरा क्रमांक 319 की लगभग चार एकड़ भूमि विधिवत रूप से आवंटित की जा चुकी है तथा माननीय उच्च न्यायालय से आवश्यक स्वीकृति भी पूर्व में प्राप्त हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यवाही विगत लगभग दो वर्षों से विधि एवं विधायी कार्य विभाग स्तर पर लंबित है, जिससे न्यायालय भवन निर्माण कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो सका है। व्यवहार न्यायालय, खिरकिया का संचालन वर्तमान में कृषि विभाग के किराए के भवन में किया जा रहा है.

# अपने मकान के हक के लिये धरने पर बैठा युवक

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 24 फरवरी** जयस्तंभ चौक पर अक्सर कांग्रेस नेता और सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन (गज्जू) तिवारी दूसरों के हक के लिए धरने पर बैठते हैं, आज वहीं उनके ही पड़ोस में रहने वाला एक युवक उनके खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठ गया है।

नेहरूगंज निवासी कपिल यादव ने तिवारी पर मकान कब्जाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कपिल यादव का कहना है कि उन्होंने न्याय के लिए एसपी से लेकर एसडीएम दफ्तर तक के चक्कर काटे, लेकिन जब सरकारी तंत्र से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई,



तो उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। कपिल के अनुसार, उनके छोटे भाई के स्वामित्व वाले मकान पर गजानन तिवारी ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा है।

**छवि खराब करने की साजिश गज्जू तिवारी का पलटवार**

इस पूरे विवाद पर जब गजानन तिवारी का पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने इन आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया। मेरे परिवार ने मकान बकायदा खरीदा था।

## धनगांव में नर्मदा महापुराण का शुभारंभ आज

**हरदा** जिले के धनगांव स्थित शहीद मां अमृता देवी विश्नोई गोशाला में बुधवार से मां नर्मदा महापुराण कथा का आयोजन शुरू किया जाएगा। कथा के आयोजन को लेकर व्यापाक तैयारियां की गई है। आयोजन से जुड़े अवध विश्नोई ने बताया कि कथा का आयोजन 25 फरवरी से 3 मार्च तक किया जाएगा। बुधवार को नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर से सुबह 9 बजे से आयोजन स्थल धनगांव गोशाला तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। निमाड़ माटी के संत अश्विन यदुवंशी रोजाना दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कथा का वाचन करेंगे। 2 मार्च की रात 8 बजे से जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# मेला स्थल पर लगी दुकानों पर किया स्पॉट फाइन

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 24 फरवरी** मेला ग्रांउड पर मेले की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अवैध रूप से दुकानें लगाकर बैठे हुए दुकानदारों पर मंगलवार को नगरपालिका की टीम द्वारा गंदगी और कचरा फैलाने पर स्पाट फाइन किया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द अपनी दुकानें मेला स्थल से हटा लें। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने नेतृत्व में नपा की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। श्री सोनी ने बताया कि मेला अवधि



समाप्त हो जाने के बाद भी दुकान लगाए हुए दुकानदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। आगामी मेले के आयोजन के दौरान इन्हें दुकानें आवंटित नहीं की जाएगी। 51 हजार रुपए से अधिक का स्पाट फाइन किया गया है और दुकान हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई है। कार्रवाई के दौरान एआरई रवि सूर्यवंशी, मूर्तिसिंह राजपूत, सुनील राठौर, सुनील अवस्थी, राजेश गोस्वामी और अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत शामिल थे।

## गिरफ्तारी वारंटियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पिपरिया** मंगलवारा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 07 स्थाई वारंटी एवं 05 गिरफ्तारी वारंटियो को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस0 थोटा , एसडीओपी मोहित कुमार यादव के निर्देशन मे आगामी त्यौहार को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए फरार वारंटियो की गिरफ्तार करने हेतु विशेष अभियाजन चलाया गया, जिसके अंतर्गत थाना पिपरिया में उनि राजेन्द्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया जाकर न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की जाकर फरार वारंटियो को गिरफ्तार किया.

## साहित्यकार आनन्द प्रकाश शर्मा का सम्मान

**पिपरिया.** नर्मदा पुरम स्थित शिवालय मैरिज गार्डन में मध्य प्रदेश पालीवाल ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ का मातृशक्ति सम्मेलन में साहित्यकार आनन्द प्रकाश शर्मा का सम्मान हुआ। नर्मदा पुरम में मप्र पालीवाल ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ का मातृशक्ति सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पं.सीता शरण शर्मा उपस्थित हुए.

# सिद्ध अवधूत महायोगी दादा गुरु की निराहार चतुर्थ परिक्रमा

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 24 फरवरी** धर्म, धरा, धेनु संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के संदेश को लेकर निकली सिद्ध अवधूत महायोगी दादा गुरु की निराहार चतुर्थ परिक्रमा आज नर्मदापुरम जिला की सीमा में प्रवेश कर गई। जिले में प्रवेश के साथ ही श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यह परिक्रमा प्रकृति संरक्षण, गौसेवा और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दे रही है। दादा गुरु के साथ हजारों परिक्रमावासी श्रद्धा और अनुशासन के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। यात्रा आज उमरधा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आपसी विवाद के चलते महिला के साथ अभद्रता एवं मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** केसला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोमतीपुरा में आपसी विवाद के चलते एक महिला के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर दो नामजद युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फरियादी मालती कासदे पति मांगीलाल कासदे, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोमतीपुरा, अपने घर के सामने मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों की पहचान राहुल पिता गजराज भूसारे और संदीप पिता जुगल चौहान ने मिलकर मालती को गालियां दीं और उनके साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

## विराट कवि सम्मेलन 7 को

**पिपरिया** – अनहद साहित्यिक सांस्कृतिक लोक कला मंच का वार्षिक आयोजन विराट कवि सम्मेलन प्रतिवर्षनुसार रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर आगामी 07 मार्च को रात्रि 9.30 बजे से मंगलवारा चौराहे पर आयोजित होगा।अनहद साहित्यिक लोक कला मंच संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवि जो यहां आकर कविता पाठ करेंगें उनमें विजयगिरि बारूद वीर रस समस्तीपुर बिहार , सरिता सरोज गीत गजल नागपुर ,सत्येन वर्मा आदि शामिल होंगे.

# ग्यारह लाख का दहेज लेने से मना कर दूल्हे ने मिसाल पेश की

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 24 फरवरी** न्यू यार्ड इलाके में दहेज प्रथा के खिलाफ एक मिसाल पेश की गई है। एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत के बेटे नमन राजपूत की शादी में दूल्हे पक्ष ने 11 लाख रुपए का दहेज लेने से साफ मना कर दिया। यह शादी 19 फरवरी को एक निजी रिसॉर्ट में हुई। मंगलवार को दूल्हे के पिता एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत ने ये जानकारी दी। शादी की रस्मों के दौरान जब तिलक की बारी आई, तो दुल्हन पक्ष की ओर से परंपरा के मुताबिक 11 लाख रुपए भेंट किए जा रहे थे। दूल्हे नमन और उनके परिवार ने बडी ही विनम्रता से इस भारी-भरकम राशि को लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने केवल 101 रुपए और एक नारियल लेकर रस्म पूरी की और बाकी पूरी रकम वापस लौटा दी। दूल्हे नमन राजपूत का कहना है कि विवाह कोई लेन-देन का सौदा नहीं, बल्कि प्रेम और सम्मान का रिश्ता है। इस फैसले की वहां मौजूद सभी मेहमानों ने तारीफ की। लोगों का कहना था कि समाज से दहेज जैसी कुप्रथा को मिटाने ऐसी पहल बहुत जरूरी है।

**शिक्षित परिवार की नई सोच**

खास बात यह है कि दूल्हा और दुल्हन दोनों ही उच्च शिक्षित हैं। नमन सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जबकि उनकी पत्नी श्रुति राजपूत मुंबई में एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। नमन की मां नम्रता राजपूत पिछले 5 सालों से समाज सेवा में सक्रिय हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को प्रसव के लिए कराया भर्ती

**इटारसी।** पवन एक्सप्रेस से सफर कर रही एक महिला यात्री को सफर के दौरान प्रसव पीड़ा होने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पवन एक्सप्रेस से एलटीटी से दरभंगा की यात्रा कर रही दरभंगा निवासी रजनी कुमारी अपने देवर सोनू कुमार सफर कर रही थी। इसी दौरान महिला का अचानक दर्द होने लगा। महिला की हालत को देखते हुए उसके देवर ने ट्रेन के इटारसी पहुंचने पर आरपीएफ आरक्षक नवाब सिंह व आरक्षक अजीत सोरेंग को समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद दोनों ने डिप्टी एस.एस. वाणिज्य विनोद सिंह के साथ अटेंड किया ओर महिला को उपचार के भर्ती कराया।

**किशोर को परिजनों से मिलाया - इटारसी -** गलत ट्रेन में बैठकर इटारसी पहुंचे एक नाबालिग बालक को आरपीएफ कर्मी ने शकुशल परिजनों से मिलवा दिया। जबलपुर निवासी एक 8 वर्षीय बालक मंगलवार को अमृत भारत एक्सप्रेस में बैठकर भूलवश इटारसी आ गया था। बालक को प्लेटफार्म पर घूमता देखा जब आरपीएफ के पुष्पेन्द्र सिंह ने पूछताछ की पता चल सका। जिसके बाद आरपीएफ अधिकारियों ने तत्काल बालक के परिजनों से चर्चा कर बालक को सुपुर्द किया।

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं - हरदा -** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए । जनसुनवाई में हरदा निवासी श्रीमती सलोनी साहू ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदिका की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। ग्राम पिडगांव के किसानों ने आवेदन देकर खेत में जाने के रास्ते पर पुलिया बनवाने की मांग की, जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

**टैक्टर पलटने से 13 वर्षीय बालक की मौत - पिपरिया-** मंगलवारा थाना अंतर्गत नदी उस पार शमशान घाट के पीछे 13 वर्षीय बालक की मृत्यु हुई। पुरानी बस्ती निवासी रहीश पिता श्यामलाल पटेल ने मंगलवारा थाने पहुंच बताया कि शमसान घाट के पीछे पुरानी बस्ती अपने खेत पर जा रहे थे कि ट्रेक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से अर्पित पिता राजेश पटेल पुरानी बस्ती पिपरिया की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया व जांच मे लिया है।

**भारतीय किसान संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा - पिपरिया -**भारतीय किसान संघ तहसील इकाई ने किसानों की समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार मनोज नामदेव को ज्ञापन सौपा। भारतीय किसान संघ द्वारा नायब तहसीलदार मनोज नामदेव को सौंपे ज्ञापन में 10 सूत्रीय मांगों में प्रमुखत: से 115 रु.बोनस के साथ 2700 रु.में गैंहू खरीद,चुनावी वादे अनुसार 3100 रु.पर मोटी धान खरीदी सुनिश्चित हो, ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो , खरीदी गई जिंसों की धर्मकांटो पर तौल, चना खरीदी पंजीयन शुरू करने की मांग,सहकारी समितियों द्वारा नगद खाद वितरण, विधुत विजिलेंस द्वारा किसान की उपस्थिति में भार मापन ,मुख्यमंत्री खेत सडक योजना पुन: शुरू करने ,विद्युत ट्रांसफार्मर अनुदान योजना शुरू करने एवं शेष रही सबमाइनर नहरों का सीमेंटीकरण शीघ्रता से किया जावे यह मांगे मुख्य रूप से ज्ञापन में कहीं गई है.

# तेज रफ्तार कार ने एक महिला को मारी जोरदार टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 24 फरवरी** शहर के खेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। साईं कृष्णा रिसोर्ट के पास एक अज्ञात कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार, फरियादी राममोहन मेहरा पिता कोमल मेहरा, उम्र 45 वर्ष, निवासी कोलार कॉलोनी, भोपाल अपनी पत्नी माला मेहरा के साथ इटारसी आए हुए थे। जब वे खेड़ा स्थित साईं कृष्णा रिसोर्ट के बाजू में, पेट्रोल पंप के सामने मौजूद थे, तभी एक सफेद रंग की कार एमपी 04-3056 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए माला मेहरा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उन्हें शारीरिक चोटें आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इटारसी पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

**विमोचन** पुस्तक को वर्तमान परिवेश में अत्यंत महत्वपूर्ण तथा मील का पत्थर निरूपित किया

# ग्रामीण गृहणी का कमाल, लिखी किताब बेमिसाल




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 24 फरवरी** जी हाँ आप भरोसा नहीं करेंगे, पर यह बिल्कुल सच है, भरोसा कीजिए भरोसे की कीमत पर । यही शीर्षक है उस किताब का भरोसे की कीमत जो एक ग्रामीण गृहणी श्रीमती रेखा विश्नोई ने लिखी है और जिसका विमोचन विगत दिवस हरदा में एक गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश लेखक संघ भोपाल के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी , हरदा के वरिष्ठ पर्यावरणविद समाजसेवी गौरीशंकर जी मुकाती, संपूर्ण हरदा अंचल की श्रद्धा के केंद्र डा. प्रभुशंकर शुक्ल, हरदा डिग्री कॉलेज की बी एड प्रभारी डा. सोनिया जी मोढ़ और मध्यप्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा के अध्यक्ष जी आर गौर के द्वारा सम्पन्न हुआ

इस अवसर पर लेखक संघ के सदस्यगण, गणमान्य नागरिक व पत्रकार बंधु उपस्थित थे ।सभी ने पुस्तक की लेखिका श्रीमती रेखा विश्नोई को हार्दिक बधाई दी । श्रीमती रेखा विश्नोई, मध्यप्रदेश लेखक संघ की सक्रिय सदस्य हैं । विमोचन का यह कार्यक्रम लेखक संघ के वार्षिकोत्सव,आंचलिक साहित्यकार सम्मेलन और सम्मान समारोह के दौरान किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि और देश के प्रख्यात व्यंग्यकार व मंचीय कवि राजेंद्र गट्टानी जी द्वारा लेखिका की प्रशंसा करते हुए पुस्तक को वर्तमान परिवेश में अत्यंत महत्वपूर्ण तथा मील का पत्थर निरूपित किया गया। लेखिका ने विनम्रतापूर्वक बताया कि उन्हें लेखन की प्रेरणा डा. प्रभुशंकर शुक्ल से मिली तथा विमोचित पुस्तक में लव जिहाद और उसके खतरे तथा पीड़ित बेटियों की व्यथा-कथा का मार्मिक चित्रण किया गया है ।


In The Court Of I Additional Judge To I Civil Judge Class-II, Pipariya
Dist. District Court, Narmadapuram
Presiding Officer- श्रीमति दिशा चांडक
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
RCS A/0000032/2026)
मुनीम गौड ...........वादी
Vs
स्टेट कलेक्टर जिला नर्मदापुरम
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 10/04/2026

प्रेषिती (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम

यह कि प्रार्थी मुनीम गौड ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा कराये जाने बाबत। के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 24 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(श्रीमती दिशा चाण्डक)**
प्रथम सिविल जज जूनियर डिवीजन के अतिरिक्त न्यायाधीश पिपरिया जिला नर्मदापुरम (मप्र)

**टिप्पणी:–** आवेदन की प्रति पेश

**कृपया ध्यान दें:–** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।